# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

Email-dfobag-forest-uk.nic.in/ dfo_bageshwar@rediffmail.com
दूरभाष एवं फैक्स नं0: 05963-220249 वन मित्र काल सेटर– 9208008000

पत्रांक 267 / 121-2 बागेश्वर दिनांक : 20/07 /2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
बागेश्वर।

विषय – **जनपद बागेश्वर के घटगाड़ से पगना तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 4.669 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। (प्रस्ताव संख्या 151674/2022)**

सन्दर्भ :– भारत सरकार के पत्रांक 8 बी0/यू0सी0पी0/06/70/2023/एफ0सी0/976 दिनांक 20.10.2023

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित मार्ग के के0एम0एल0 का अवलोकन करने के उपरान्त लाभान्वित होने वाला गॉव पूर्व से ही मौजूदा मार्ग से जुड़ा है। अतः प्रस्तावित मार्ग का उद्देश्य स्पष्ट नहीं है तथा प्रस्ताव को मैरिट के आधार पर अस्वीकार किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि इस क्षेत्र की छोटी आबादी को कनेक्टीविटी प्रदान करने की आवश्यकता होती है तो आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त गैर वन क्षेत्र दर्शित हो रहा है, जिसका उपयोग इस हेतु किया जा सकता है। राज्य सरकार से अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण/विस्तृत टीप प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

उपरोक्तानुसार अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 10.07.2024 को प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग बागेश्वर के कनिष्ठ अभियन्ता व सहायक अभियन्ता एवं ग्रामवासियों की साथ मोटर मार्ग को स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें देखा गया कि पगना गॉव पूर्व में ही मौजूदा मार्ग से जुड़े हुए है। उक्त मोटर मार्ग का निर्माण करने का कोई औचित्यपूर्ण प्रतीत नही होता है।

अतः घटगाड़ के ग्रामवासियों को मोटर मार्ग से जोड़ने के लिए पूर्व में मौजूदा मार्ग बोहाला घटगाड मोटर मार्ग से जोड़ा जा सकता है। उक्त ग्रामवासियों मोटर र्माग से जोड़ने के लिए प्रकरण में अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

प्रभागीय वनाधिकारी
बागेश्वर वन प्रभाग बागेश्वर

पत्रांक 267 / दिनांकित ।

**प्रतिलिपि** – अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी,उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** – वन संरक्षक उत्तरी कुमाऊँ वृत्त उत्तराखण्ड अल्मोड़ा को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
बागेश्वर वन प्रभाग,बागेश्वर

"D:\samany 2018-19\land transfer\letter land tansfare.p.w.d BGR .docx"

O/C